प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में दिया जवाब, कहा विकसित भारत बनाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध, विपक्ष देश को गुमराह करने का कर रहा है प्रयास।
- राज्य सरकार ने झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल किया शपथ पत्र, कहा राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के निदेशक समेत बोर्ड और निगमों के रिक्त पड़े पद अगस्त माह तक भरे जायेंगे।
- पथ एवं भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने दुमका में 2 हजार 2 सौ 25 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का हुआ वितरण।
- राज्य भर में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 7 जुलाई तक रांची समेत अधिकांश जिलों में बारिश के आसार, मौसम विभाग ने बारिश के साथ वज्रपात की दी चेतावनी।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हम सबका मार्ग दर्शन किया है। उन्होंने कहा जनता ने उन्हें तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है। श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने को लेकर सरकार पूरी तरत प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से भारत प्रथम के आदर्श वाक्य से निर्देशित है। भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त न करने की नीति को लोगों का समर्थन मिला है। श्री मोदी ने आम चुनाव में परिपक्व सोच और समझदारी दिखाने के लिए देश की जनता की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार की नीतियों, इरादों और समर्पण पर भरोसा जताया है। देश में गरीबी उन्मूलन के लिए लगातार काम किये जा रहे है। उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ काम कर रही है।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एनडीए सांसदों की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी सांसदों से संसदीय लोकतंत्र के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अच्छा सांसद बनने का आहवान किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक में लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत और बतौर तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से संसदीय लोकतंत्र के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने की बात कही है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में आज राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। इस सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों के पद अगस्त माह के तीसरे सप्ताह तक भर लिए जाएंगे।

****

देश में तीन नये आपराधिक कानून कल से लागू हो गये हैं। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि नए कानून के संबंध में सभी थाना प्रभारी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू होने पर पुलिस जांच पदाधिकारियों के अनुसंधान का तरीका बदलेगा। साथ ही डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा मिलने से गंभीर अपराध के घटनास्थल पर उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन किये जा सकेंगे।

****

राज्यभर में रथ यात्रा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी लोग तैयारी में जुट गए हैं। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राज्य के पथ एवं भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने दुमका में 2 हजार 2 सौ 25 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उदघाटन किया। इस दौरान सांसद नलिन सोरेन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार राज्यभर में विकास को लेकर प्रतिबध्द है। उन्होंने कहा कि अभी शुरू की गई विकास योजनाएं आने वाले उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी।वहीं सांसद नलिन सोरेन ने कहा कि संताल परगना के विकास के लिए राज्य सरकार ने पहले से ही कई योजनाओं को संचालित कर रखा है।

****

राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने दावा किया है कि साइबर क्राइम पर झारखंड में बहुत हद तक अंकुश लगाया गया है। वे आज बोकारो स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के 38 वां स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज जोरदार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने राज्य में 7 जुलाई तक बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने 4 जुलाई तक कई इलाकों में भारी बारिश का पूर्वानुमान भी किया है। जिसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त********